प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 सोमवार दिनांक 21.10.2024

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

और अब पेश है आज के मुख्य समाचारः—

1— पुलिस स्मृति दिवस पर प्रदेश के विभिन्न जिला मुख्यालयों में कार्यक्रमों का आयोजन कर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी गई—राजधानी रायपुर में हुए कार्यक्रम राज्यपाल और मुख्यमंत्री हुए शामिल।

2— राष्ट्रपति कल नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में कांकेर जिले की ग्राम पंचायत मासूलपानी को राष्ट्रीय जल पुरस्कार से करेंगी सम्मानित।

3— नगर पालिका चुनाव के लिए नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम में हुआ संशोधन—दावा आपत्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि एक सप्ताह बढ़ाई गई।

4— छत्तीसगढ़ की सीमा से लगे महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में करीब तीन माओवादियों के मारे जाने की खबर।

..........................................................................................

<u>पुलिस स्मृति दिवस—01</u>

आज पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रायपुर के माना स्थित चौथी वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के प्रांगण में आयोजित परेड कार्यक्रम में शामिल हुए। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने सभी प्रदेशवासियों की ओर से पुलिस के शहीद वीर जवानों को नमन करते हुए शहीद स्मारक में पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ ही उन्होंने शहीद पुलिस अधिकारियों और जवानों के परिजनों को शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट किए।

इस अवसर पर राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि पुलिस का काम अत्यंत जवाबदेही का होता है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि पुलिस कर्मियों के प्रति मानवीय दृष्टिकोण रखें और उनके कार्यो में मदद करें।

राज्यपाल ने  कहा कि छत्तीसगढ़ में नक्सल समस्या एक गंभीर चुनौती है, जहां हमारी पुलिस साहस, धैर्य और निष्ठा के साथ इस समस्या का सामना कर रही है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पुलिस स्मृति दिवस हमारे पुलिस बलों के शौर्य, पराक्रम, बलिदान, देश–प्रेम, सजगता और इतिहास की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि पुलिस जवान नक्सल पीड़ित क्षेत्रों के विकास और दुर्गम क्षेत्रों तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने में अपना योगदान दे रहें है।

इससे पहले, राज्यपाल और मुख्यमंत्री आज राजधानी रायपुर के राजीव स्मृति वन स्थित शहीद वाटिका पहुंचे, जहां अमर जवान स्तंभ में उन्होंने शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

..........................................................................................

पुलिस स्मृति दिवस–02

पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर आज प्रदेश के विभिन्न जिलों में भी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। बस्तर के जगदलपुर में स्थित अमर वाटिका परिसर में पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर आयोजित शहीद परेड कार्यक्रम में बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने शहीदों के नाम का वाचन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर बस्तर सांसद महेश कश्यप, महापौर सफिरा साहू, कमिश्नर डोमन सिंह, कलेक्टर हरीश एस., और पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा सहित वरिष्ठ अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम में शहीदों के परिजनों को सम्मानित भी किया गया।

..........................................................................................

मासूलपानी–जल पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल नई दिल्ली में पांचवां राष्ट्रीय जल पुरस्कार प्रदान करेंगी। इसमें छत्तीसगढ़ की ग्राम पंचायत मासूलपानी को भी जल संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए राष्ट्रीय जल पुरस्कार से

सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रपति नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में कांकेर के नरहरपुर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत मासुलपानी को श्रेष्ठ पंचायत श्रेणी में द्वितीय स्थान के लिए सम्मानित करेंगी ।

गौरतलब है कि मासुलपानी ग्राम पंचायत में पांच राजस्व गांव शामिल हैं जिसमें नब्बे प्रतिशत आबादी अनुसूचित जनजाति की है। जल संरक्षण के लिए ग्राम पंचायत में एक सौ इकसठ जल शेड संरचनाएं बनाई गई हैं, जिनमें निन्यानवे तालाब शामिल हैं। इसके अलावा पंचायत द्वारा दो कुएं, दो भूमिगत बांध, तीन गेबियन और अन्य संरचनाओं का निर्माण किया गया है। इसके चलते लोगों ने सिंचाई के लिए सतही जल का उपयोग करना शुरू कर दिया है।

..................................................................................

निर्वाचन नामावली–संशोधन

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने बताया कि आयोग द्वारा पूर्व में जारी नगर पालिका निर्वाचन नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम की तिथि में आंशिक संशोधन किया गया है। उन्होंने बताया कि कुछ जिलों द्वारा निर्वाचक नामावली के संबंध में दावा आपत्ति प्राप्ति की अंतिम तिथि बढ़ाने का अनुरोध किया गया था। जिलों से प्राप्त अनुरोध पर आयोग द्वारा विचार के बाद दावा आपत्ति प्राप्त करने की पूर्व निर्धारित अंतिम तिथि तेईस अक्टूबर से बढ़ाकर तीस अक्टूबर तक कर दी गई है। वहीं, निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन सत्ताईस नवम्बर को किया जाएगा।

..................................................................................

राज्यपाल–स्वच्छता अभियान

राज्यपाल रमेन डेका आज भिलाई के महात्मा गांधी कला मंदिर में आयोजित स्वच्छता सम्मान समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने तीन हजार से अधिक स्वच्छता वीरों को सम्मानित किया। इस अवसर पर

राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वच्छता के स्वप्न को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा साकार किया गया है।

इधर, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल द्वारा भिलाई पावर हाउस रेलवे स्टेशन में आज स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस चौपाल कार्यक्रम में यात्रियों को स्टेशन और स्टेशन परिसर में साफ–सफाई के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही उनसे नए सुझाव भी लिए गए।

गौरतलब है कि रेलवे द्वारा स्वच्छता चौपाल के तहत लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

........................................................................................

माओवादी मुठभेड़

दंतेवाड़ा में पुलिस अधीक्षक गौरव राय के समक्ष आज तीन माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। आत्मसर्पण करने वाले दो माओवादियों पर दो–दो लाख रूपए का इनाम घोषित था। ये सभी माओवादी मलांगीर एरिया कमेटी में सक्रिय थे। पुलिस के मुताबिक इन पर पुलिस पर हमला करने और शासकीय संपत्ति को नुक़सान पहुंचाने जैसे मामले दर्ज हैं। ये तीनों माओवादी लगभग सात–आठ सालों से नक्सली संगठन में सक्रिय थे।

इस बीच, छत्तीसगढ़ की सीमा से लगे गढ़चिरौली के भामरागढ़ तहसील स्थित कोपरी के जंगलों में सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ होने की खबर है। अब तक की मिली जानकारी के मुताबिक तीन से चार माओवादियों के मारे जाने और कुछ माओवदियों के घायल होने के समाचार है।

........................................................................................

सरगुजा प्राधिकरण–बैठक

नवगठित सरगुजा विकास प्राधिकरण की पहली बैठक कल बाईस अक्टूबर को जशपुर में होगी। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे। बैठक में प्राधिकरण की उपाध्यक्ष गोमती साय के साथ ही राज्य सरकार के ग्यारह मंत्री, सरगुजा सांसद और नौ विधायक शामिल होंगे। इस बैठक में प्राधिकरण के गठन के स्वरूप, कार्यक्षेत्र, प्राधिकरण मद से स्वीकृत किये जाने वाले प्रमुख कार्यों पर चर्चा की जाएगी।

............................................................................

सिविक एक्शन कार्यक्रम

नारायणपुर जिले के ग्राम ईरकभट्ठी में सीमा सुरक्षा बल–बीएसएफ और पुलिस द्वारा सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें दवाई वितरित की गई। वहीं, ग्रामीणों को दैनिक उपयोग की सामग्री के साथ ही किसानों को खेती–किसानी के लिए कीटनाशक दवाई का वितरण किया गया। इसके अलावा स्कूली बच्चों को कॉपी–पेन और खेल सामग्री का वितरण किया गया।

............................................................................

दुर्घटना

दुर्ग जिले के पुलगांव में हुए एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना पुलगांव थाना क्षेत्र के सीएम मेडिकल कॉलेज रोड पर मांडले ढाबा के पास आज सुबह हुई। मिली जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार ट्रक ने एक बाईक को टक्कर मार दी, जिससे एक महिला, एक बच्चे और एक पुरुष की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो साल की एक बच्ची की हालत गंभीर बनी हुई है, जिसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद बड़ी संख्या में आक्रोशित लोगों ने सड़क पर चक्काजाम कर दिया है। पुलिस और प्रशासन की टीम की समझाइश के बाद लोगों ने चक्काजाम समाप्त किया।

.........................................................................................

मौसम

और अब पेश है मौसम का हाल...

मौसम विभाग के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान दक्षिण छत्तीसगढ़ के एक–दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। मौसम विज्ञानी एच.पी. चन्द्रा ने बताया कि एक निम्नदाब का क्षेत्र पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी और उससे लगे उत्तर अंडमान सागर के ऊपर स्थित है। इसके पश्चिम दिशा में आगे बढ़ने और प्रबल होकर अवदाब के रूप में कल सुबह तक परिवर्तित होने की संभावना है।

.........................................................................................

संक्षिप्त

और अब कुछ समाचार संक्षेप में ...

– उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आज सरगुजा संभागीय मुख्यालय अंबिकापुर में संभाग के सभी नगरीय निकायों के अधिकारियों की बैठक लेकर विकास कार्यों की प्रगति और योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की।

– जांजगीर–चांपा जिले के हसदेव नदी में कल बहे दो युवकों में से एक युवक का शव आज बरामद कर लिया गया है। वहीं, दूसरे युवक की तलाश जारी है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>